राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

संख्या–18/2025

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने लॉन बॉल महिला ट्रिपल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर बिहार के खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना 09 फरवरी, 2025 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल के लॉन बॉल महिला ट्रिपल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर बिहार के खिलाड़ियों– खुशबू कुमारी, निकहत खातून एवं पायल प्रीति को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि 25 वर्षों के बाद राष्ट्रीय खेल में बिहार के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर हमारी बेटियों ने इतिहास रच दिया है। यह उनके कठिन परिश्रम, लगन, समर्पण और टीम भावना का परिणाम है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से बिहार गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी है।

....